# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


11 आदिवासी समाज का जंगे आजादी में अहम...





12 जंगली हाथियों का तांडव, फसल नुकसान के साथ ही...






## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# बदली और बारिश के कारण फसलों में कीट प्रकोप, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

लगातार बदली और बारिश के कारण फसलों में आए कीट प्रकोप के बाद अंचल के किसान बेहद परेशान हैं क्योंकि इस समय किसान के जेब खाली हो गए हैं। उसका सपना चकनाचूर हो रहा है। दरअसल इस बारिश किसानों की इच्छा अनुसार और जितना चाहिए उससे कहीं अधिक हुई है और आज भी रूक-रूक कर जारी है। जिसके कारण खेती में पूरी मेहनत लगा दिया था और खाद टानिक और आवश्यकतानुसार कृषि दवाइयां डालने में कसर नहीं छोडा था परन्तु बदली और बारिश के कारण फसल को जितनी धूप की आवश्यकता मिल नहीं सका और कीटनाशक दवाइयां बेअसर साबित हो रहा है। किसान सुबह मौसम को देखकर दवाइयां छिड़काव करते हैं और दोपहर या शाम रात तक फिर बारिश हो जाता है। किसान राजेन्द्र कोमर्रा वेदव्यास निषाद, जनक राम यादव, कार्तिक यादव,फगनु राम ठाकुर, दिव्यानंद, परमेश्वर यादव आदि लोगों ने बताया कि अर्ली वैरायटी किस्म के धानो में सुनहरी बालियां लहलहाने लगी है उसमें माइंट, भूरा माहू और जबकि लेट वैरायटी किस्म के धान में शीत ब्लास्ट के रोग लगने लगे हैं। भूरो माहों,शीत ब्लास्ट के कारण किसानों की चेहरे से बालियां आने की खुशी नदारद है। कृषक नंदकिशोर यादव ने कहा कि किट प्रकोप आने से पहले ही कीटनाशक का छिड़काव कर दिया है परंतु दिन भर बदली,उमस एवं सितंबर में रोज रोज होने वाली बारिश के कारण मौसम बीमारियों के लिए अनुकूल बना हुआ है।

## बेअसर साबित हो रही कीटनाशक दवाइयां



### किसानों के चेहरों पर दिख रही चिंता की लकीरें

किसान नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कुशल ध्रुव, दिनेश साहू, अशोक अग्रवाल अपनी फसल बचाने के लिए सुबह 8 बजे से शाम तक दवाई का छिड़काव कर रहे हैं। फिर भी भुरा माहु जैसे कीट प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र के अनेक गांवों के किसान कीट प्रकोप से भारी परेशान हैं, किसानों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि अतिशीघ्र उचित कार्रवाई कर राहत प्रदान किया जाएं। रामेश्वर सिन्हा ने कहा कि इस बार फसल बीमारियों के कारण वैसे भी काफी कमजोर हो रही है इसके अलावा लगातार होने वाली बारिश के कारण कटाई के दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। बारिश से क्षेत्र के खेतों में जलभराव के अलावा भिंडी, टमाटर, और बैंगन के साथ अन्य सब्जियों की फसल को भी नुकसान हुआ है। जिससे क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही है।

## कार्रवाई : चोरी की बिजली का इस्तेमाल छड़ों की कटाई, टुल्लू पंप से पानी की सप्लाई में हो रहा था

# सरकारी निर्माण स्थल पर खुलेआम बिजली चोरी, ठेकेदार पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

गरियाबंद जिले के राजिम में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ओर आम नागरिक बिजली कटौती और भारी बिलों से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर एक सरकारी विभाग के निर्माण कार्य में खुलेआम अवैध विद्युत चोरी पकड़ी गई है। मामला जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर, राजिम का है। यहां चल रहे भवन निर्माण कार्य में ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से बिजली का कनेक्शन लिया हुआ था। जांच में पता चला कि ठेकेदार ने अलग-अलग स्थानों पर हुकिंग (अवैध तार जोड़कर) बिजली चोरी की थी। इस चोरी की बिजली का इस्तेमाल छड़ों की कटाई, टुल्लू पंप से पानी की सप्लाई और अन्य निर्माण कार्यों के लिए किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, यह अवैध कार्य कई महीनों से चल रहा था, लेकिन विभागीय सतर्कता की कमी के कारण अब तक पकड़ा नहीं गया था। किसी व्यक्ति द्वारा विद्युत विभाग को इसकी सूचना दिए जाने पर, विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर छापा मारा। टीम ने परिसर में लगे अवैध उपकरणों, तारों और अन्य सामग्रियों को जब्त कर कार्रवाई की।



### सरकारी निगरानी पर उठे सवाल

यह घटना न केवल बिजली विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचा रही थी, बल्कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से भी बड़ा खतरा पैदा कर रही थी। इस घटना ने छत्तीसगढ़ में ऊर्जा संसाधनों के दुरुपयोग और सरकारी निर्माण कार्यों में निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### विभाग ने ठेकेदार पर डाली जिम्मेदारी

इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ एरिगेशन संतोष चंदेल, राजिम ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि ठेकेदार ने हुक लगाकर काम किया है तो पूरी जवाबदारी उन्हीं की है, इसमें विभाग की कोई भूमिका नहीं है। एसडीओ चंदेल ने यह भी बताया कि उन्होंने इस संबंध में ठेकेदार को पत्र लिखा है और इसकी प्रतिलिपि कार्यपालन अभियंता, सीएसईबी को भी भेजी है। उन्होंने पुष्टि की कि विद्युत मंडल द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उम्मीद है कि इस सख्त कार्रवाई से अन्य सरकारी विभागों में भी सतर्कता आएगी और ऊर्जा संसाधनों के दुरुपयोग पर लगाम लगेगी।





# उदंती में वन्यप्राणी कोटरी का शिकार करने वाले आरोपी को वन विभाग ने भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया तौरेंगा वन परिक्षेत्र में वन्यप्राणी कोटरी के अवैध शिकार के मामले में आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 28 सितम्बर को वन्यप्राणी कोटरी के अवैध शिकार जप्ती कार्यवाही प्रकरण में मुख्य रूप से श्रीमती सतीविशा समाजदार, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर छग, वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के दिशानिर्देशन में एवं सहायक संचालक तौरेंगा जगदीश प्रसाद दर्री एवं गोपाल सिंह कश्यप सहायक संचालक उदंती, एण्टी पांचिंग टीम नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में प्राप्त जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र तौरेंगा के अंतर्गत आने वाले वनक्षेत्र परिसर तौरेंगा के संरक्षित वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक 1102 में किये गये अवैध शिकार वन्यप्राणी कोटरी के मास एवं अपराध में प्रयोग किये गये जाल, फंदा एवं अन्य सामाग्रियों को वन विभाग के संयुक्त टीम द्वारा अपराधी परमेश्वर नागेश पिता रायबारू, जाति-भुजिया, उम्र 40 वर्ष, ग्राम-तौरेगा के नाम से सर्च वारंट जारी कर सर्च करते हुए जप्त किया गया। अवैध शिकार में लिप्त महेन्द्र नागेश पिता परमेश्वर, जाति-भुजिया, उम्र-19 वर्ष, ग्राम-तौरेंगा को दिनांक 27 सितम्बर को पकड़ा गया। विवेचना के दौरान वन अपरध पाये जाने पर पी.ओ.आर. क्रमांक 167/22 दिनांक 27.09.2025 जारी कर विभागीय कार्यवाही करते हुये वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9,27 (1),29,31,39,49,50,51,52 के तहत वन अपराध दर्ज कायम कर न्यायालय ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### ग्राम करकरा में कार्यक्रम आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करकरा में नवयुवक दुर्गोत्सव समिति गायत्री मंदिर चौक में 30 सितंबर दिन मंगलवार रात्रि 8 बजे से क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर जय मां शारदा जस एवं फाग झांकी परिवार परसाडीह (ज.) डौंडीलोहारा जिला बालोद का कार्यक्रम आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्षता मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा विशिष्ट अतिथि पंकज निर्मलकर जनपद पंचायत सदस्य छुरा अभिषेक चतुर्वेदी अतरमरा, पीलूराम यादव पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा अतिथिगण बहुर सिंग दीवान सरपंच ग्राम पंचायत करकरा, लाल बहादुर यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत करकरा, नमीश पटेल ग्राम पंचायत सचिव करकरा मूलचंद निर्मलकर ग्राम पटेल करकरा, राधिका दीवान पंच होंगे।

### जिला पुलिस ने 403 किलो गांजा 650 नशीली टैबलेट किया नष्ट



**गरियाबंद।** नशे के कारोबार पर सख्ती बरतते हुए गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 18 प्रकरणों में जप्त किए गए 403.414 किलो गांजा और 650 नग नशीली टैबलेट का आज विधिवत नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई रायपुर स्थित जायसवाल निको स्टील पावर प्लांट के फर्नेस में की गई, ▶▶ शेष पेज 10 पर

# राजिम में युवा कांग्रेस ने किया बिजली ऑफिस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



सोमवार को प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया व सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे के आव्हान पर विधानसभा युवा कांग्रेस राजिम अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में निरंतर बढ़ते बिजली बिल और उपभोक्ताओं की समस्याओं के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल जलाओ आंदोलन कर राजिम स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल की प्रतियां जलाकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि प्रदेश भर में उपभोक्ताओं की मर्जी के बिना इलेट्रिसिटी मीटर को स्मार्ट और प्रीपेड में बदला गया और इस जबरन व्यवस्था के कारण आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बिलों में लगातार वृद्धि से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है, जिससे किसानों, मजदूरों, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। श्री साहू ने कहा कि इन समस्याओं का जड़ यहां की सरकार है। प्रदेश की जनता को महंगी बिजली और बेहिसाब बिलों की तबाही में झोंक दिया है। जनता की कमाई बिजली कंपनियों के भ्रष्टाचार और तानाशाही नीतियों में लूटी जा रही है। प्रदेश को कर्ज, बेरोजगारी, महंगाई, बिजली संकट और भ्रष्टाचार की दलदल में धकेल दिया है। कृषि, उद्योग और आम जनजीवन को बचाने के लिए सरकार की विदाई आवश्यक है। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस के इस कार्यक्रम में योगेश साहू अध्यक्ष युवा कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 10 पर

# धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संगम बनी मालगांव की रामलीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



जिला मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मालगांव की पहचान उसकी दशकों पुरानी रामलीला परंपरा है। वर्ष 1960 में स्थापित नाटक मंडली द्वारा यह आयोजन लगातार किया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी दशहरे के अवसर पर बाल समाज नाटक मंडली के युवाओं ने एक दिवसीय रामलीला का आयोजन बड़े धूमधाम से करने की तैयारी की है। नाटक मंडली के कलाकारों ने बताया कि बदलते समय में रामलीला मंचन की चुनौतियां बढ़ रही हैं। खासकर पात्रों की कमी सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। बावजूद इसके, परंपरा और संस्कृति को जीवित रखने के लिए हर साल आयोजन का प्रयास किया जाता है। वरिष्ठ कलाकारों का कहना है कि रामायण के आदर्श पात्रों का मंचन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, ▶▶ शेष पेज 10 पर

## देवी स्थलों पर माता की होगी विशेष महाआरती

# दुर्गा अष्टमी आज, पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

नवरात्रि का व्रत बिना कन्या पूजन के बिना अधूरा माना जाता है। 30 सितंबर नवरात्रि की अष्टमी तिथि है। नवरात्रि के नौ दिवसीय पर्व का आठवां दिन, जिसे महाअष्टमी भी कहा जाता है, अत्यंत पवित्र और शुभ माना गया है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माहगौरी सुंदरता, शांति, शुद्धता और दया की देवी है। उनकी आराधना से मानसिक शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। महाअष्टमी का दिन विशेष रूप से कन्या पूजन और भक्तिमय अनुष्ठानों के लिए जाना जाता है। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर रसेला के शीतला मंदिर में मां शीतला, मां दुर्गा, मां काली, महागौरी की विधिवत पूजा अर्चना कर पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन कर पूर्णाहुति के साथ नौ कन्याओं का पूजा अर्चना कर भोज कराया जाएगा। आज नवरात्रि के आठवें दिन मंगलवार को देवी स्थलों पर माता की विशेष महाआरती होगी। शुभ मुहूर्त में हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा। हवन के पश्चात माता के नौ रूपों को 9 प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा स्थलों पर होगा। पंडित गोलू शर्मा ने बताया कि कन्या भोज कराने से जीवन में भय, विघ्न और शत्रुओं का नाश होता है और समाज में भी नारी शक्ति को सम्मान मिलता है।



### खीर, पुडी के साथ भंडारे की प्रसादी की व्यवस्था

कुछ जगह और परिवारों में अष्टमी पूजन की परंपरा तो कुछ नवमी के दिन हवन पूजन कर नौ दिन के व्रत पारण करते हैं। साथ ही रसेला के शीतला मंदिर में 5 वर्ष से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए नवरात्र के अष्टमी तिथि को रसेला के समस्त व्यापारी संघ के सौजन्य से समस्त ग्रामवासी और श्रद्धालुओं के लिए खीर, पुडी के साथ भंडारे की प्रसादी भोजन की व्यवस्था किया जाता है। जिसमें सभी व्यापारियों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और खुद ही अपने हाथों से समस्त ग्रामवासीयों और आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन परोसकर खिलाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी और व्यापारी संघ के लोग जुटे हुए हैं।

# 6 नग अवैध हीरे जब्त चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में अवैध खनिज तस्करी पर नकेल कसते हुए गरियाबंद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 6 नग अवैध हीरा के साथ हीरा बेचने, खरीदने और खपाने में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना गरियाबंद पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के सख्त निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध हीरा, गांजा, वन्य जीव और अन्य अवैध ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### मंत्री गुरु खुशवंत से भाजयुमो नेता ने की मुलाकात

**राजिम।** सोमवार को मंत्री गुरु खुशवंत साहब से भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक साहू एवं छबिराम साहू ने बुके भेंटकर सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर दोनों युवा नेताओं ने नवरात्रि शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक और युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। महामंत्री दीपक साहू ने कहा कि मंत्री जी से मार्गदर्शन प्राप्त करना हमेशा प्रेरणादायक रहता है।

### दुर्गा वाहिनी का शौर्य प्रदर्शन, पथ संचलन किया



**छुईहा बेलर।** शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर रविवार को राजिम में दुर्गा वाहिनी की युवतियों ने भव्य पथ संचलन निकालकर शक्ति और शौर्य का प्रदर्शन किया। समीपस्थ ग्राम चरभट्ठी की युवतियों ने इसमें बड़ी संख्या में भाग लिया, जिनमें मनीषा, झरना, लिसा, डाली, वंदना, हुलसी साहू प्रमुख थीं। संचलन में शामिल सभी युवतियां सफेद और भगवा वस्त्रों में सुसज्जित थीं और उन्होंने अपने हाथों में शस्त्र धारण कर रखे थे। युवतियों ने घोष दल (बैंड) की ताल पर कदमताल करते हुए दंड और तलवारों के साथ अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन किया। नगर के मुख्य मार्गों से निकले इस संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग दिया। वे स्वयं भी संचलन में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने बालिकाओं के इस अनुशासित और साहसिक प्रदर्शन की जमकर सराहना की।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**छुरा।** सेवा पखवाड़ा के तहत आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी) के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस एवं फार्मेसी विभाग द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने हरि झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर लाइफ केयर ब्लड सेंटर से हेमंत गोस्वामी, राजेश, चंद्रप्रकाश, विमला और अशरफ अली उपस्थित रहे। शिविर के संयोजक डॉ. ओमप्रकाश साहू रहे। कार्यक्रम में लगभग 60 से अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण (हीमोग्लोबिन टेस्ट, ब्लड टेस्ट, वजन, ऊँचाई, बीपी, पल्स रेट आदि) किया गया, वहीं 26 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में फार्मेसी विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, प्रतिभा जायसवाल, विकास साहू, डॉली यदु तथा सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास और अकादमिक डीन डॉ. एन. के. स्वामी ने फार्मेसी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी हैं। आगे भी इस तरह की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

**शुभारंभ : आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ खैरझिटी, पथरी, फुरझर एवं जोगीडीपा जमाही में चौपाल में योजना बताई**

# आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत जनजातीय जीवन स्तर सुधारने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

स्वतंत्रता के बाद पहली बार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उन्नत करने के उद्देश्य से एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान छेड़ा है। इस पहल के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से आदिवासी समुदाय को जोड़ने और उन्हें शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए "आदि कर्मयोगी अभियान" की शुरुआत की गई है। जिला कलेक्टर भगवान दास उकेय और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर के निर्देश पर, फिंगेश्वर विकासखंड में इस अभियान को तेज़ी दी जा रही है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ स्वप्निल ध्रुव को इस अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक मार्गदर्शन में यह अभियान फिंगेश्वर विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

**17 शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य-** इस अभियान के लिए उन ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है जहां 50 प्रतिशत से अधिक जनजातीय आबादी निवास करती है। वर्तमान में विकासखंड की पाँच ग्राम पंचायतें खैरझिटी, जमाही, फुलझर, जोगीडीपा, और पथरी को शामिल किया गया है। इन पंचायतों में 17 शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ आदिवासी समुदाय तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।





### जन चौपालों के माध्यम से बन रही कार्ययोजना


अभियान के सुचारु संचालन के लिए अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। डीओ आशाराम कंवर, डीओ ज्योति बाला ढालेन, एडीओ शेखर ध्रुव, करारोपण अधिकारी सुखचरण चतुर्वेदी और विभिन्न ग्राम पंचायत सचिव तथा सरपंचों ने समन्वय स्थापित किया है। 21 सितंबर को ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम जमाही सहित अन्य पंचायतों में चौपाल आयोजित की गईं। इन चौपालों में ग्रामवासियों के साथ संसाधन मानचित्र तैयार किया गया। विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और वंचित जनजातीय परिवारों को लाभांवि करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। इसी प्रकार खैरझिटी, पथरी, फुरझर और जोगीडीपा में भी जन चौपालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई। निश्चित ही, आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय जीवन में ठोस बदलाव लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक उत्थान के नए आयाम खुलेंगे।



मुड़ागांव( कोरासी)। नव युवा दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मुड़ागांव।



मुड़ागांव( कोरासी)। अम्बे चौक नव दुर्गा उत्सव समिति रानीपरतेवा।



मुड़ागांव( कोरासी)। तिंरगा चौक नव दुर्गा उत्सव समिति कसेकेरा।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने रमई पाट में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा




सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी) के एनएसएस यूनिट एवं इंजीनियरिंग संकाय के संयुक्त तत्वावधान में रमई पाट पर्यटक स्थल में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. दिवाकर तिवारी ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। विद्यार्थी जब इस दिशा में आगे आते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव स्वतः दिखाई देता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अश्वनी कुमार साहू ने कहा कि रमई पाट जैसे पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। इस पहल से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण की भावना मजबूत होती है। इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक वागेश कुम्भकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों का यह प्रयास न केवल पर्यटन स्थल की सुंदरता बढ़ाता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर कला संकाय से डॉ. मुमताज़ परवीन, सुश्री भामती साहू, श्री अशोक साहू तथा इंजीनियरिंग संकाय से संजीव जांगड़े, दुष्यंत कुमार यादव, रमेश कुमार आदि संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने रमई पाट का शैक्षणिक भ्रमण किया था। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। छात्रों और एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से स्थल को साफ-सुथरा किया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा मंडल ने आयोजित की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम




भारतीय जनता पार्टी मंडल राजिम द्वारा गायत्री मंदिर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छग राज्य भंडार के निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे देश अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर न हो। इसके लिए देश को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ानी होगी, निर्यात को बढ़ावा देना होगा और आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। जीएसटी रिफॉर्म का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाना है, जिससे व्यापार सुगमता बढ़े और आम आदमी को राहत मिले। जीएसटी रिफॉर्म से व्यापार सुगमता बढ़ेगी, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास होगा। इन दोनों पहल से भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने कहा स्वदेशी उत्पादकों को बढ़ावा देने से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी उन्होंने जीएसटी फॉर्म को परी और औद्योगियों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे कर प्रणाली सरल पारदर्शिता बनी है भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कठिन समय में आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किया। इसका उद्देश्य था कि भारत केवल दूसरों पर निर्भर न रहे, बल्कि अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करे और दुनिया को भी सहयोग प्रदान करे। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एक ऐसा अभियान है, जो हमें स्वदेशी अपनाने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने की प्रेरणा देता है। यह अभियान केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान, तकनीक, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का संकल्प है। यदि हम अपने गाँव, शहर और राष्ट्र में बने उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारे युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अभियान से ह्वोकल फॉर लोकलह्व का नारा साकार होता है। आइए, हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लें और अपने देश को स्वाभिमान व समृद्धि की ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में राजिम न.प अध्यक्ष महेश यादव,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा,नारायण साहू, शकुन साहू, मंडल मंत्री राजेश परमार, लोकेश सोनी, मीणा ध्रुव, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, गेंदलाल साहू, कमल सिंह संजीव साहू, सोमनाथ पटेल, पूरन यादव, ऋषि दुबे, राधे श्याम सोनी, ओमप्रकाश रात्रे,मेघनाथ कुर्रे, टीकम सेन, आनंद राम साहू, दिलीप पटेल, पार्षद सुरेश पटेल, अजय पटेल, जिनेंद्र साहू, धर्मेंद्र ध्रुव, श्यामाचरण साहू, लेखराम ध्रुव, दुर्गेश धीवर, डोमार ध्रुव, बादल साहू, लिकेश्वर साहू, लालजी साहू, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## लोक कल्याण मेला एवं अंगीकार अभियान कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेला का आयोजन नगर पंचायत छुरा मुख्य कार्यालय सभागार में किया गया। इस योजना के माध्यम से छुरा शहर के पथ विक्रेताओ को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने ऋण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाने से अन्य 8 कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का लाभ मिलने लगेगा। सरकार ने पथ विक्रेताओं को मिलने वाले लोन की राशि में वृद्धि की है। जिसमें प्रथम लोन 10 हजार से 15 हजार, द्वितीय लोन 20 हजार से 25 हजार एवं तृतीय लोन 50 हजार तक कर दिया गया है। पथ विक्रेता द्वारा लिए गए लोन की राशि का भुगतान समय से करने पर बैंक द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज पर सब्सिडी भी प्रदान किया जाएगा। पथ विक्रेता प्रथम लोन के लिए आवेदन च्वाइस सेंटर के माध्यम से करा सकते है। तृतीय लोन के लिए नगर पंचायत के मुख्य कार्यालय के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 1 से संपर्क करें। इसी तरह अंगीकार अभियान-2025 के तहत जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने किया। पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को लेकर अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता फैलाना और पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाना है। साथ ही लाभार्थियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय साक्षरता तथा महिला एवं शिशु कल्याण जैसी अन्य योजनाओं से भी जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन,उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव,पार्षद हरीश यादव, संगीता अजय दीक्षित,रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, यामीन(ट्रांसजेंडर), पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, सलीम मेमन, राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मिथलेश सिन्हा, पी आई यू विष्णु निर्मकलर, मनोज दुबे,कमलेश सिन्हा,दीपक साहू, शोएब अली,परमेश्वर सिन्हा,मेघराज यादव, वेदप्रकाश मरकाम, दानेश्वर निर्मलकर,रमेश निर्मलकर,स्वच्छता दीदियां एवं नगर के नागरिक गण उपस्थित थे ।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दिखी नवदुर्गा की झलक, वीर बलिदानियों को भी किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में प्रत्येक शनिवार को विविध गतिविधि का आयोजन किया जाता है। सुरक्षित शनिवार अन्तर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न पौराणिक, ऐतिहासिक पात्रों और प्राकृतिक सौंदर्य को वेशभूषा के माध्यम से प्रदर्शित किया। बाल कलाकारों ने राम, हनुमान, सबरी, नवदुर्गा, स्वतंत्रता सेनानी, महात्मा गांधी, भगत सिंह, माइकल जैक्सन, सुपरमैन, जेंटलमैन, आदिवासी परम्परा, छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता, प्राकृतिक रूप, फलों का रूप आदि वेशभूषा में भाग लिया। कार्यक्रम में पालक समिति के अध्यक्ष टेमन लाल साहू, समिति सदस्यगण, शाला संचालक ललित कुमार साहू, प्राचार्य संतोष कुमार निषाद, शिक्षक- शिक्षिकाओं में अर्चना साहू, होमेश्वरी साहू, जया यादव, देवबती निषाद, चितरंजनी निषाद, मंजुलता साहू, हेमा साहू, खुश्बू यादव, अंकित कंवर, यूनिश भारद्वाज, कृष्णेश यदु, हसीं साहू, आया दीदी एवं ड्राइवर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में प्राचार्य संतोष निषाद द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि आज की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने अद्भुत रचनात्मकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने न केवल शानदार पोशाक पहनीं बल्कि अपने पात्रों में पूरी तरह ढल गए। मैं सभी प्रतिभागियों के उत्साह, आत्मविश्वास और विषय को समझने की कला की सराहना करता हूँ। उन्होंने अपने समर्पित शिक्षकों और उत्साही अभिभावकों को बहुमूल्य समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।

## पेज 9 के शेष...

### उदंती में वन्यप्राणी कोटरी...

के समकक्ष 28 सितम्बर को प्रस्तुत किया गया। अन्य संलिप्त आरोपियों की पता-साजी विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यवाही में केजूराम कोरचे, वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी तौरेगा, कपुरचंद बरिहा उपवनक्षेत्रपाल, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी तौरेगा तुकेश्वर यदु, वनपाल खिलेश कुमार यादव, वनरक्षक सुधांशु वर्मा, वनरक्षक एवं अन्य बन कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### राजिम में युवा कांग्रेस

विधानसभा,मुकेश भारती जनपद प्रतिनिधि युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विधानसभा, वासुदेव साहू महासचिव युवा कांग्रेस विश्वजीत युवा कांग्रेस महासचिव, डिगेश ब्लाक अध्यक्ष युवा कांग्रेस विक्की साहू विधानसभा सचिव, वसिम खान एनएसयूआई जिला सचिव ,माखन वर्मा ब्लाक सचिव, मिथलेश पटेल विधानसभा सचिव ठाकेश्वर ध्रुव हनी, दीपक साहू,मिथलेश साहू, धनेंद्र यादव, उज्वल, भावेश, मनोज करले, अरुण, योगी, मोहन, हर्ष, बिट्टू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धार्मिक आस्था और...

बल्कि समाज को शिक्षा, संस्कार और नैतिक संदेश देने का माध्यम भी है। श्रीराम के जीवन प्रसंगों को नाटक के जरिए प्रस्तुत किया जाता है, जो ग्रामीणों को प्रेरणा देता है।

गांव के लोगों ने बताया कि आसपास के किसी भी क्षेत्र में रामलीला का आयोजन नहीं होने से मालगांव की रामलीला देखने दूर-दराज से लोग भारी संख्या में पहुंचते हैं। दशहरे का यह आयोजन धार्मिक उत्सव के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक धरोहर को भी मजबूत करता है।

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि यदि युवा पीढ़ी इसी तरह परंपरा से जुड़ी रहेगी तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी रामलीला प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी।

### जिला पुलिस ने 403 किलो ...

जहां मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। नष्टीकरण प्रक्रिया केंद्रीय गृह मंत्रालय, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए की गई। इसके लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति भी प्राप्त की गई थी।

नष्टीकरण की प्रक्रिया जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा (अध्यक्ष), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर (सदस्य) और जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह (सदस्य) उपस्थित रहे। गरियाबंद पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशा मुक्ति और मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी पहल माना जा रहा है।

### 6 नग अवैध हीरे...

गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने को कहा गया था। इसी क्रम में, 28 सितंबर को थाना गरियाबंद को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला अस्पताल के सामने एक व्यक्ति अवैध हीरा बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की। इस दौरान ग्राम छिंदौला निवासी जैन कुमार नेताम (45 वर्ष) को पकड़ा गया, जिसके लोवर की जेब से 6 नग अवैध हीरा बरामद किए गए। पूछताछ में जैन कुमार नेताम ने खुलासा किया कि ये हीरे उसे रघुराम ध्रुव (कोसमबुड़ा, गरियाबंद) ने बिक्री के लिए दिए थे। पुलिस ने मौके से ही धमतरी जिले के जेल कॉलोनी बठेना निवासी दो खरीदारों सूरज सोनी (30 वर्ष) और विशाल सोनी (25 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया। मामले की गहन विवेचना के दौरान हीरा बिक्री में शामिल मुख्य आरोपी रघुराम ध्रुव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 21(4) खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। सभी आरोपियों को आगे की कार्यवाही के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध हीरा तस्करी के गोरखधंधे में लिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है।

## खबर संक्षेप



### कुम्हारपारा में दुर्गा उत्सव की धूम

**नवापारा-राजिम।** शहर के बाल नव महाशक्ति दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा चौक कुम्हार पारा में इस वर्ष द्वितीय वर्ष शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य रूप से माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर ज्योति-जवारा के साथ नवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। पण्डा गब्बर चक्रधारी, प्रकाश साहू,लीलाराम विश्वकर्मा, सहित सदस्य रामआसरा चक्रधारी, बाबा चक्रधारी, राजू चक्रधारी, देवेंद्र कुंभकार, देवराज चक्रधारी, जयंत चक्रधारी, गौतम साहू, दीपक साहू, धर्मेंद्र चक्रधारी, खेलावन, गिरवर, तुषार, संदीप, गणेश, मिथिलेश, अरुण साहू, हिमेश, राजेश, कुलेश्वर, कुशल, लल्ला बयां, मनीष, चिंटू, मोक्ष शिवाय, सूर्य, नैतिक एवं समस्त मोहल्ला वासियो के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### ग्राम चैतरा में जोत-जंवारा कार्यक्रम परंपरा के साथ जारी



**छुईहा बेलर।** शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर ग्राम चैतरा में परंपरागत रूप से निज निवास में जोत-ज्वारा का आयोजन किया गया। गजानंद साहू, संगीता साहू, वेदू साहू, देवानंद, प्रेम, पुनम एवं नाव्या के निवास पर यह धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव से जारी है। बताया गया कि इस परंपरा की शुरुआत वर्ष 2007 से हुई थी और तब से लगातार प्रत्येक वर्ष दोनों नवरात्र पर्व पर जोत-जवांरा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर परिवारजन एवं ग्रामवासी माता रानी की आराधना में शामिल होकर आस्था प्रकट करते हैं।
नवरात्र पर्व में ग्राम चैतरा का यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्साह का प्रतीक है, बल्कि परिवार और समाज में एकता व परंपरा की निरंतरता को भी सशक्त करता है।

### देवी कात्यायनी की पूजा से जीवन में आती है सुख-समृद्धि-साहू

**महासमुंद।** नवरात्रि के छठे दिन देवी कात्यायनी की पूजा से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है और गृहस्थ जीवन में शांति बनी रहती है। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव लाफिन खुर्द, चिंगरौद, बम्हनी, परसट्टी, बरोंडा बाजार के पंडालों में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। साहू ने कहा कि हिंदू मान्यता के अनुसार भगवती दुर्गा का छठा स्वरूप मां कात्यायनी दिव्य आभा लिए हुए हैं, वे सोने के समान तेज लिए हैं।

कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा)
गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक/क- 5123 /विवाह अधि./2025
गरियाबंद, दिनांक 16/09/2025

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीलकंठ सतनामी पिता सियाराम सतनामी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम देवगांव तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (पति) एवं आवेदिका दीपा पिता धनसिंग उम्र 23 वर्ष निवासी रावड़ तहसील तहसील राजिम जिला गरियाबंद (पत्नि) ने हिन्दु विवाह अधिनियम के अधीन अपने विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/10/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) विवाह अधिकारी
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

## सम्मेलन : दादरगांव में सामाजिक समरसता सम्मेलन में विधायक ने दी सौगातें

# आदिवासी समाज का जंगे आजादी में अहम योगदान, अब विकास की राह पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम दादरगांव पुराना में आदिवासी पैकरा समाज द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता सम्मेलन में समाज की एकजुटता और परंपरा का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, सभापति लेखा राज ध्रुवा, शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, जनपद सदस्य लच्छन नेताम, राजू साहू, सरपंच दुवासु और उपसरपंच यामिनी चंद्राकर समेत कई जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत समाज के आराध्य भगवान श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाज द्वारा अतिथियों का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में आदिवासी समाज का योगदान अमूल्य रहा है, लेकिन इतिहास में समाज को उसका उचित स्थान नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार आदिवासी समाज के वास्तविक उत्थान के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। आज समाज हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है।"विधायक ने इस अवसर पर समाज को कई सौगातें भी दीं। उन्होंने दादरगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख रुपये, पंचायत भवन में टीनशेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, करीदादर में 5 लाख रुपये, ग्राम पंचायत में बोर खनन, और दादरगांव में सीसी रोड निर्माण की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि उनका कंवर समाज से गहरा लगाव रहा है और प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में समाज के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



### शिक्षा और एकता ही समय की सबसे बड़ी हथियार

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और एकता ही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। "शिक्षा से ही समाज प्रगति करेगा और एकता से ही समस्याओं का समाधान संभव है।" सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजन गुलाब दीवान, आनंद दीवान, योगेश दीवान, किशोर दीवान, बाबूलाल दीवान, पुराण दीवान, नूतन दीवान, फागु दीवान, लोकेश चंद्राकर, अख्तर अली, सगुना दीवान, चंद्रिका दीवान, जीतू दीवान, अंजलि दीवान, सुखनंद ठाकुर, रामकुमार यादव, मानसिंह निषाद, सुशीला दीवान, यमुना दीवान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सम्मेलन को और भी भव्य बना दिया। सामाजिक समरसता सम्मेलन न केवल समाज में नई ऊर्जा और एकता का संदेश लेकर आया, बल्कि भविष्य में विकास और सशक्तिकरण की नई दिशा भी तय करेंगी।

## लालगढ़ पहाड़ी में गोंडी कोया पुनेम जात्रा का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर दूर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल लालगढ़ पहाड़ी में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भव्य गोंडी कोया पुनेम जात्रा का आयोजन किया गया। इस नौ दिवसीय पवित्र जात्रा में शामिल होने के लिए प्रदेश के कोने-कोने से आदिवासी समाज के कई बड़े नेता और वरिष्ठजन पहुंचे। आयोजन की शुरुआत इष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना के बाद विशाल शोभा यात्रा निकालकर की गई। जात्रा के तहत युवक-युवती सम्मेलन और संवैधानिक सांस्कृतिक प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक नारायण मरकाम (कवर्धा) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे देवी-देवता जंगल और पहाड़ियों में वास करते हैं, इसलिए आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार जहाँ चाहे, वहाँ पूजा-अर्चना करने से सरकार नहीं रोक सकती। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लालगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में अनेक देवी-देवताओं का वास है और आने वाले समय में इस स्थल की ख्याति दूर-दूर तक फैलेगी। श्री मरकाम ने समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि आज भी लोगों को शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क और सिंचाई सुविधा जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करना पड़ रहा है। जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि आदिवासी जन आदिकाल से ही प्राकृतिक संसाधनों और वनों की रक्षा करते आ रहे हैं।

## पालिका अध्यक्ष ने सीसी रोड निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने वार्ड नं 2 में सीसी रोड निर्माण के लिए नारियल फोड़कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,पार्षद सचिन सचदेव, रेणुका साहू, जितेंद्र भट्ट, ठेकेदार आलोक साहू, उत्कर्ष शर्मा,संजय कुमार सहित वार्ड के लोग मौजूद थे।

## पारागांव में चला नशामुक्त व स्वच्छता जागरूकता अभियान







हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब द्वारा पारागांव में सेवा पखवाड़ा व छग रजत जयंती के तहत एक दिवसीय शिविर लगाया। गांव के पंच परमेश्वरो ने रैली निकाली और नशापान के विरूद्ध नारे लगाए। शीशी बोतल तोड़ दो, दारु पीना छोड़ दो। बच्चे पत्नी बिकते जेवर, छोड़ शराबी ऐसे तेवर। दारु पीने के क्या शान, गली-गली में होते बदनाम, स्वच्छता ही सेवा हैं का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ आर के रजक व कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्यामा शांडिल्य शामिल थे। इन्होने नागरिकों को नशा न करने हेतु जागरूक करने का संकल्प दिलाया। शराब के खिलाफ क्रांति छेड़ने से ही शांति आने की बात कही। सरपंच सुरेश सोनकर ने नशा से हो रहे सामाजिक आर्थिक पतन पर प्रकाश डाला। युवाओं से जन-जागरूकता लाने की बात कही। देश की इस ज्वलंत समस्या को रोकने में हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मीनारायण बांसवार ने कहा कि देश के सम्मान में कूद पड़े मैदान में का नारा देते हुए समाज से बुराइयों को जड़ से उखाड़ फेंकने तथा नशामुक्ति अभियान को सार्थक करने की बात कही। अविनाश शर्मा ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए इस स्वच्छता अभियान को अनवरत जारी रखने का अनुरोध किया। इस दौरान अजय ,आदित्य ,तुषार ,कौशल ,वासुदेव ,खिलेश्वरी ,पूजा ,लीली ,लेखिका ,दीप्ति की टीम ने नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। शिविर में 82 स्ववंसेवको ने हिस्सा लिया। संचालन ठाकुर राम साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम सरपंच सुरेश सोनकर ,उप-सरपंच सुनीता सिंह ,भोजराज निषाद ,धर्मेंद्र मांडले ,कैलाश यादव ,अंजली राय ,निर्मला साहू ,सुनीता कहार ,उत्तम कोटरे ,उत्तरा देवांगन ,रेखा देवांगन का योगदान रहा।




## घटारानी मंदिर में खीर-पूरी महाप्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर, ग्राम छुईहा निवासी सेवानिवृत्त अधिकारी रामजी सिन्हा और उनके परिवार ने धसकुल पहाड़ीवाली स्थित घटारानी माता के नाम पर विशाल खीर-पूड़ी महाभोग का वितरण किया। दानदाता रामजी सिन्हा ने यह महाप्रसाद अपने दिवंगत माता-पिता राधा-खंझर सिन्हा और स्वर्गीय पत्नी उमा क्षमा सिन्हा की पुण्य स्मृति में आयोजित किया। सिन्हा परिवार द्वारा प्रत्येक नवरात्र पर्व पर यह सेवा कार्य किया जाता है। मंदिर के पुजारी ने सबसे पहले माता घटारानी की विधिवत पूजा और आरती की और सभी भक्तों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए महाभोग प्रसादी का भोग चढ़ाया। इसके उपरांत, मुख्य सड़क छुरा मार्ग स्थित बुढ़ादेव घटारानी मेन गेट पर भक्तों और राहगीरों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।





**राहगीरों तक पहुंचाया गया प्रसाद-** सेवानिवृत्त अधिकारी रामजी सिन्हा के छुईहा परिवार ने केवल मंदिर प्रांगण में आए श्रद्धालुओं को ही नहीं, बल्कि मुख्य सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और भक्तों को भी रोक-रोककर श्रद्धा और सेवा भाव से प्रसाद पहुंचाया। इस आयोजन में महिला समिति जमाही की अध्यक्ष उमा, सचिव अनुसुइया, भुनेश्वरी, नीलम, सीमा, ठगेश्वरी, नंदनी, बसंता समेत कोचिंग सेंटर जमाही की शिक्षिका दीपिका साहू, सोनम दिवान, मोनिका सिन्हा और छात्राएं भेषमणी, चेतना, नेहा, हूमेश्वरी, डिगेश्वरी, तुलसी, पुष्पांजलि, गायत्री, निहारिका, लेखनी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। दानदाता परिवार की ओर से चंद्रशेखर, भानु, राजा, विभा, प्रशांत, सीमा, परदेशी, भागीरथी, कमल नरायण, चित्ररेखा, ओमनारायण, गीतु, होरीलाल, बम्लेश्वरी, दादू, अंजली, वैभव, ईशु, हिमानी, श्याना, कनक, गंगाधर, नोवेंद्र, ज्योति, वासु सहित सिन्हा परिवार छुईहा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। श्रद्धा और सेवा भाव से किए गए इस महाभोग वितरण ने श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव को और प्रगाढ़ कर दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में सामूहिक सहयोग और सेवा की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ।

## भावसिंह के समर्थन में खुलकर सामने आए कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने वाले और सदस्यता अभियान में बड़ी भूमिका निभाने वाले निर्विवाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू के पक्ष में कांग्रेसजन खुलकर एक बार फिर से सामने आ गए है। जिले में कांग्रेस के प्रति समर्पित भाव से काम करने वाले कांग्रेस के जिला प्रशासनिक महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, वरिष्ठतम कांग्रेस नेता ठाकुर राम साहू, कोपरा के राजेश यादव, नंदकुमार साहू, प्रदेश प्रतिनिधि तपेश्वर ठाकुर, गरियाबंद ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष यशवंत शोरी, प्रकाश ठाकुर, श्यामनगर के प्रकाश साहू, बोरिद के गेंदलाल यादव, नागझर के राकेश ध्रुव, फिंगेश्वर के जाकिर खान, बेलटुकरी के टोमन तारक, सरकड़ा के गजेंद्र साहू, अतरमरा के राजू निषाद, छुरा पंडरीपानी के मोतीराम साहू, रेवाराम साहू, भसेरा के पूर्व सरपंच नेहरू साहू, रांवड़ के डॉ. नारद साहू, अधिवक्ता हेमराज साहू, थानसिंह निषाद सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भावसिंह के कार्यो को सराहा है। कहा कि वे 2020 में जिला कांग्रेस कमेटी की जिम्मेदारी संभाला। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होने आला कमान के निर्देश पर सदस्यता अभियान में बड़ी भूमिका निभाई बड़ी संख्या में लोगो को कांग्रेस से जोड़ा। वह दौर जब कोरोना काल का था बावजूद कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने पूरे जिले का दौरा किए। जबकि कलेक्टर ,एसपी उन्हें कोरोना काल में सतर्क रहने हेतु कहा। लेकिन वे अपनी जान की परवाह किए बिना अपनी मातृसंस्था कांग्रेस के लिए रात और दिन एक किया। 2023 के चुनाव में उन्होने बिंद्रानवागढ़ सीट जो कि भाजपा की गढ़ वाली विधानसभा क्षेत्र रही है उसे जीतने में कामयाबी हासिल किया। लॉकडाऊन के समय गरीबो के मसीहा बनकर उभरे। गरीबो के घरो तक चांवल पहुंचाएं। युपी के पंडे बड़ी संख्या में क्षेत्र में फंसे हुए थे उनकी मदद किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के हर कार्यक्रम को फॉलो किया। जहां चक्काजाम करने की नौबत आई,धरना प्रदर्शन हुआ वहां वे कार्यकर्ताओं को लेकर शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि भावसिंह साहू जैसे सच्चे और कर्मठ कार्यकर्ता की बदौलत गरियाबंद जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिंद्रानवागढ़ में कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए उन्होने दिलोजान से काम किया है। 2020 के पहले वे 6 साल तक 2014 से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद पर काम किए। कार्यकर्ताओं ने



## सर्व आदिवासी समाज युवती प्रभाग का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम कांदाडोंगर में आज सर्व आदिवासी समाज युवती प्रभाग कांदाडोंगर राज की बैठक आयोजित किया गया जिसमें अध्यक्षता जय पाथर ने किया एवं युवा प्रभाग के अध्यक्ष भोले मांझी, संरक्षक पुलस्त नेताम, महासचिव लोकेश मरकाम की उपस्थिति में युवती युवा प्रभाग का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष तुले"वरी नेताम संरक्षक परमिला मांझी, उपाध्यक्ष हेमकुमारी नेताम, मनीशा सोम, सचिव हुमे"वरी नेताम को मनोनित किया गया एवं अन्य पदाधिकारियों का जल्द चयन किया जायेगा सर्व आदिवासी समाज युवती प्रभाग गठन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के युवतियों को संगठित कर शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व क्षमता और संस्कृति परम्पारो के संरक्षण के दिशाओं में कार्य करना है समाज के विकास और उत्थान में युवक युवतियों की भुमिका पर चर्चा किया गया समाज की युवा जिस दिन समाज के कार्यो में आगे आयेंगे निश्चित रूप से वह समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगें इस मौके पर प्रमुख रूप से लोकेश पाथर, कमलेश मांझी, हेमकुमारी, भोजमनी सोरी, नयन सोम, संगीता ध्रुवा, खिलेश्वरी मरकाम, छाया मरकाम,परमिला सोरी, डोलेश्वर ध्रुव, खिलेश्वर कपिल, योगेश मरकाम, धनेश्वर मरकाम, नेहरू मांझी किशन मरकाम एवं बड़ी संख्या में समाज के युवक- युवती उपस्थित थे।



### पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट शाला में 5 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला



**नवापारा राजिम।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से पी.एम. श्री हरिहर शाला में 5 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डिलेन्द्र निषाद, अरुण कुमार एवं अरिन सोनी ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स की बुनियादी जानकारी दी। बच्चों को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। इस पहल को बच्चों ने अत्यंत रोचक और प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर प्राचार्य फाखरा खानम दानी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य सहित पूरा शाला परिवार ने इसे नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान शिव चौहान,किशन सिंह ठाकुर मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान



**नवापारा-राजिम।** चम्पारण-तामासिवनी मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जीएसटी रिफार्म पर कार्यशाला आहूत की गई। इस कार्यशाला में जीएसटी के नए फायदेमंद बदलाव के बाद चल रहे जीएसटी बचत उत्सव को लेकर प्रमुख दुकानों में पहुंचकर आमजनो, ग्राहकों एवं व्यापारियों से लाभ, पारदर्शिता एवं बचत के विषय में चर्चा की गई। इसके साथ ही विभिन्न व्यापारिक संस्थानों में स्टीगर लगाया गया। इस दौरान आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी अपनाने संकल्प लेने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भाजपा मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी परदेशीराम साहू ,मंडल अध्यक्ष तोषण साहू ,विवेक तिवारी , खिलेन्द्र साहू, नीलकंठ निर्मलकर,निर्मल साहू , रूपेश निर्मलकर, रीवन यादव,बलराम साहू, तुमन पाल,लीलू साहू, गोविंद साहू, कविता साहू, लता साहू,पारस साहू,राजकुमार साहू, रविकांत तारक, संतोष साहू, इंद्रकुमार साहू, रिखी निषाद,हेमलाल साहू मौजूद थे।

### हमारा संकल्प आत्मनिर्भर भारत : तिवारी

**पाण्डुका।** गरियाबंद भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शासन में अब भारत आत्मनिर्भर बनने जा रहा है हमने संकल्प लिया है कि अब देश को आत्मनिर्भर बनाने में हम सब संकल्पित होकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने बताया कि जीएसटी के नेक्स्ट जनरेशन या अगली पीढ़ी के सुधारों का प्रभाव भविष्य की पीढ़ी पर काफी सकारात्मक होने की उम्मीद है। इन



सुधारों का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, पारदर्शिता बढ़ाना और आम नागरिक पर टैक्स का बोझ कम करना है, जिसका सीधा फायदा आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। मुख्य प्रभाव जो अगली पीढ़ी पर पड़ेंगे कम टैक्स स्लैब और सस्ती वस्तुएं टैक्स स्लैब को सरल बनाया गया है जैसे 12% और 28% स्लैब को हटाकर मुख्य रूप से 5% और 18% स्लैब पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं दैनिक उपभोग की वस्तुएं इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, स्वास्थ्य सेवाएँ, और वाहन जैसी कई चीजें सस्ती हुई हैं। परिणाम अगली पीढ़ी के लिए जीवन यापन की लागत कम होगी और क्रय शक्ति बढ़ेगी। टैक्स अनुपालन का बोझ कम होने और कम टैक्स दरों से लघु, छोटे और मध्यम उद्यमों को फायदा होगा। अर्थव्यवस्था में खपत बढ़ने और व्यापार में आसानी होने से जीडीपी वृद्धि को गति मिलेगी। स्वदेशी का उपयोग करके आप न केवल एक ग्राहक बनते हैं, बल्कि देश के विकास और समृद्धि में एक सक्रिय भागीदार भी बनते हैं। इस तरह स्वदेशी अपनाने से भारत आत्मनिर्भर बन पाएगा यही हमारा संकल्प है।

## दहशत : दबनई, आमामोरा और फरसरा मुख्य ग्रामीण मार्गों पर

# जंगली हाथियों का तांडव, फसल नुकसान के साथ ही सड़क के किनारे डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर वन परिक्षेत्र में पिछले लगभग 20 दिनों से हाथियों का एक दल डेरा डाले हुए है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस बार हाथियों का दल लगातार सड़कों के किनारे पहुंच रहा है और एक जगह ज्यादा देर तक नहीं ठहर रहा है, जिसके कारण वन विभाग और स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। हाथियों का यह दल बार-बार नेशनल हाईवे 130 सी (मैनपुर-गरियाबंद मार्ग) को जाम कर रहा है। पिछले एक सप्ताह में हाथियों ने 4 से 5 बार इस मार्ग को बाधित किया है। कभी वे तुपेंगा की ओर रुख करते हैं, तो अचानक दबनई की ओर मुड़ जाते हैं। हाथियों के 10 किलोमीटर के दायरे में घूमने से मैनपुर-गरियाबंद-धवलपुर नेशनल हाईवे पर शाम के समय लोगों में भारी दहशत है। दबनई, आमामोरा और फरसरा जैसे मुख्य ग्रामीण मार्गों पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

- साप्ताहिक बाजार आए ग्रामीणों को दौड़ाया



**फसलों और घरों को भारी नुकसान**

हाथियों के इस दल ने दबनई, लुठापारा, फरसरा, धोबीपारा, छिन्दौला, तुपेंगा, धवलपुर, जरण्डी, बोड़ापाला, और गिरहोला क्षेत्र में किसानों की धान और मक्के की फसल को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। इसके अलावा, खेतो में बने छोटे मकानों और अस्थाई लारियों (झोपड़ियों) को भी तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर दिया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव ने बताया कि हाथियों का दल लगातार सड़क किनारे पहुंच रहा है। आज सुबह नेशनल हाईवे पार कर यह दल दबनई की तरफ बढ़ा और शाम को दबनई-छिन्दौला मुख्यमार्ग के किनारे डेरा डाल दिया है। बारिश के बावजूद वन विभाग की पूरी टीम गजराज वाहन के साथ दिन-रात जंगल में तैनात है और पल-पल की निगरानी कर रही है। हाथी मित्र दल के सदस्य भी देर रात तक हाथियों पर नजर रखे हुए हैं ताकि लोगों को सुरक्षित किया जा सके।

सोमवार साप्ताहिक बाजार के दिन आमामोरा, ओड़ और फरसरा क्षेत्र के ग्रामीण खरीदी के लिए मैनपुर आ रहे थे। इसी दौरान हाथियों का दल सड़क पार कर रहा था। कुछ युवकों द्वारा फोटो और वीडियो बनाने पर झुंड से दो हाथी बाहर निकल आए और लोगों को दौड़ाया। हालांकि, हाथी लगभग 100 मीटर दौड़ाकर वापस झुंड में चले गए, लेकिन इस घटना ने लोगों के बीच खतरे की आशंका को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोग किसी भी दिन बड़ी घटना घटने की संभावना से इंकार नहीं कर रहे हैं।

# पिपरौद में मां गंगा की महाआरती हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

बजरंग दल एवं नवयुवा दुर्गा समिति पिपरौद द्वारा शारदीय नवरात्र पर मां गंगा की महाआरती की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि माँ जगत जननी दुर्गा, माँ गंगा से प्रार्थना है कि हम सभी को शक्ति, समृद्धि एवं सदभाव का आशीर्वाद प्रदान करे और समाज की सदैव सेवा व विकास के मार्ग पर अग्रसर हो। श्री बजाज ने कहा कि प्रकृति संरक्षण और जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण पर्यावरण का सन्तुलन और हरियाली का संवर्धन हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री बजाज ने प्रदेश में खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद सामाजिक नेता लाला साहू ने कहा कि बजरंगी भाइयों द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय है। यहां सामुहिक आरती कार्यक्रम को देखकर अन्य गांव वाले भी अपने ग्रामों में गंगा आरती करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। आने वाले समय में इस क्षेत्र के ग्रामों में गंगा आरती का आयोजन होगा। महाआरती में श्री बजाज के अलावा जिला पंचायत सभापति अन्नू तारक ,भाजपा उपाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण संतोष शुक्ला ,शांतनु सिन्हा आई.टी.सेल प्रदेश पदाधिकारी, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,चेतन साहू मण्डल महामंत्री, गोपाल साहू, हेमन्त तारक, नवीन वर्मा,द्विज साहू, कमलनारायण साहू, पूर्व सरपंच योगेश साहू, नव दुर्गा समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल थी।

# मातृ शक्ति समाज और परिवार की रीढ़ः साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम लमकेनी में यादव समाज के तत्वाधान मे मातृशक्ति सम्मान समारोह के माध्यम से महिलाओ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति हमारे समाज की रीढ़ हैं। परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस तरह के सम्मान समारोह से महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी और समाज में उनकी गरिमा और मजबूत होगी। समारोह में विधायक साहू ने ग्रामीण विकास के लिए कई घोषणाएँ भी कीं। उन्होंने 5.20 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया, साथ ही शीतला तालाब शेड निर्माण के लिए 5 लाख, बाजार शेड निर्माण एवं कंक्रीटिकरण कार्य के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की।



- यादव समाज के समारोह में विधायक इंद्रकुमार साहू ने महिलाओं को किया सम्मान

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमति पुष्पा हीरा यादव ने की। मातृशक्ति सम्मान मे श्रीमती हिरौन्दी यदु, श्रीमती बहुरा यदु, श्रीमती श्यामा यदु, श्रीमति प्रेमीन यादव,ललिता यादव, गोदावरी यादव,दुखनी यादव, लता यदु, रूखमणी यादव सहित अन्य महिलाये मौजूद रहे। इस मौके पर लोगो ने आत्मनिर्भर भारत के तहत भारतीय उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने का स्वदेशी संकल्प पत्र भरा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, सरपंच श्रीमति पुष्पा हीरा यादव, उपसरपंच लता कुर्रे,अनिता निषाद, रूखमनी यादव, अश्वनी धुरव, चित्ररेखा भारती,सरोज यदु, योमेन्द्र यदु,आनंद यादव, हेमलाल यादव,रामानंद यादव, रामप्रसाद यादव, जीवन यादव, योगेंद्र यादव,जोहत यादव, हीरालाल वर्मा, लव कुमार निषाद गजेंद्र वर्मा, संदीप यादव, पंचराम यादव,तोरण साहू,बाबूलाल वर्मा व समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्व हृदय दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस तथा हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण, प्रश्नोत्तरी एवं मॉडल–पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों व स्टाफ का निःशुल्क बीपी एवं पल्स रेट चेकअप किया गया, जिसमें 69 से अधिक प्रतिभागियों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने कहा कि संतुलित जीवनशैली और नियमित व्यायाम से हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है। अकादमिक अधिष्ठाता एवं आईक्यूएसी सेल के निदेशक डॉ. एन. कुमार स्वामी ने युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग से दूरी बनाने, तनाव से बचने और मॉर्निंग वॉक की आदत डालने की सलाह दी। डॉ. पी. विश्वनाथन, डीन साइंसेज ने ब्लड प्रेशर की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कई घातक बीमारियों को जन्म देता है। वहीं, फार्मेसी विभागाध्यक्ष युगल



किशोर राजपूत ने एंजाइना पेक्टोरिस और वसा के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि असंतुलित खानपान हृदय रोगों का प्रमुख कारण है। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यश शर्मा (बी. फार्मा, सप्तम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान दिलेश सोम (एम.एससी. जूलॉजी, तृतीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान खुशहाल विश्वकर्मा (बी. फार्मा, प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। इसी प्रकार मॉडल व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमिताभ बाहदुर, द्वितीय स्थान मिथलेश एवं संदीप (बी. फार्मा, तृतीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान खोमन कंवर (बी. फार्मा, प्रथम सेमेस्टर) ने अर्जित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुश्री प्रतिभा जायसवाल ने किया। आयोजन में फार्मेसी विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, विकास साहू, डॉली यदु सहित सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष विश्वास ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# संभाग स्तरीय युवा काव्य पाठ स्पर्धा में भोजराज साहू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

ग्राम गाड़ाघाट तहसील छुरा जिला गरियाबंद के एक होनहार छात्र भोजराज साहू पिता स्व. श्री देवनारायण साहू माता खिमेश्वरी साहू ने बस्तर संभाग में रजत जयंती 2025 के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण आयोग रायपुर द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय युवा काव्य पाठ प्रतियोगिता जगदलपुर में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और पूरे गरियाबंद जिले का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि के लिए माननीय जिला कलेक्टर हरीश एसजी द्वारा प्रथम पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। वर्तमान में यह विद्यार्थी शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद जगदलपुर जिला बस्तर छत्तीसगढ़ में बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर नंदिनी साहू, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर एस



नेताम, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरआर कंवर, डॉ. सोनाली कर, एम बी तिवारी सहित कृषि महाविद्यालय के अन्य वैज्ञानिक तथा युवा कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे और उनकी इस उपलब्धि की सराहना की। भोजराज साहू की इस उपलब्धि से उनके परिवार में अत्यंत हर्ष का माहौल है। उनके दादा-दादी (बैराम साहू तथा बुधियाबाई) द्वारा इसे भोजराज की अब तक की बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है तथा उनके नाना ईश्वरलाल साहू ने इसे गरियाबंद जिले के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया है।

# जीएसटी रिफॉर्म्स से आर्थिक क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलाव : गोवर्धन मांझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जीएसटी रिफॉर्म्स का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय है आज हम एक ऐसे भारत का सपना देख रहे हैं, जो आत्मनिर्भर, सक्षम और सशक्त हो आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल स्वदेशी उत्पादों का उपयोग नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में स्वावलंबन है। उक्त बाते पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन गोवर्धन मांझी ने मैनपुर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर द्वारा आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स कार्यशाला आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए गोवर्धन मांझी ने

- पूर्व संसदीय सचिव का मैनपुर में जोरदार स्वागत



कहा सरकार के नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स इसी दिशा में बड़ा कदम हैं। आसान और पारदर्शी टैक्स सिस्टम से व्यापारियों पर बोझ कम होगा, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्याय सरिता ठाकुर, संयोजक दुलार सिन्हा, सहसंयोजक रूपेश साहू, महामंत्री घनश्याम मरकाम, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जिला रामदास वैष्णव, मंडल उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, उपसरपंच सुधीर ठाकुर, अनूप कश्यप, यमराज रोटी, हनीता नायक, रामस्वरूप साहू, दिनेश शर्मा, तुलसी राठौर, मनोज निर्मलकर, हेमंत साहू, राकेश दुबे, दाऊ लाल नेताम, डागेश नेगी, मोहन कुशवाहा, नरेश सोनवानी, सुरेश कुमार यादव, दिनेश सचदेव एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री घनश्याम मरकाम ने किया।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**महासमुंद।** माह के अंतिम रविवार 28 सितंबर को वार्ड 07 बूथ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस दौरान मंडल मंडल महामंत्री मीना वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, कमला, नव्या, रिद्धि, महेंद्र सिक्का, समीरा और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता रहे।




# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मैनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में सोमवार को स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती माताएं वृद्ध महिलाएं एवं बच्चों का जिला स्तरीय विशेषज्ञ डॉक्टर के टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत बीपी शुगर सिकलिंग मलेरिया हीमोग्लोबिन एवं अन्य बीमारियों का जांच किया गया, मेगा स्वास्थ्य शिविर में जिला से डॉक्टर एके हुमने, ईएनटी विशेषज्ञ, डॉक्टर टीसी पात्रे, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर हरीश चौहान सर्जन, डॉक्टर जीएस ध्रुव हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर वीबी अग्रवाल पैथोलॉजिस्ट, डॉ. राजेंद्र बिनकर शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं वृद्ध महिलाएं बच्चे पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराए, स्वास्थ्य शिविर में वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाया



गया, एवं टीवी मरीज को डॉक्टर चमन कंडरा, कोमेश्वरी सिन्हा एवं दीपक सिन्ह द्वारा निश्चय मित्र बनकर पोषण आहार प्रदान किया गया। उक्त स्वस्थ शरीर में डॉक्टर गजेंद्र कुमार ध्रुव खंड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर डॉ. केडी जोगी, डॉ. चमन कंडरा डॉ. निशा ठाकुर गणेश सोनी बीपीएम डॉ. रेवती रमण माथुर डॉ मोहन कृष्ण पटेल डॉ. रीमा आनंद एवं आरबीएस के टीम, किशन दीवान बीईटीओ, समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन समन्वयक स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षिका एवं मितानिन उपस्थित थे।







